# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Darshani Construction Private Limited prop-Awinash Kumar Singh, S/O Bhrat Singh (निबंधन संख्या–2180176) At+Post-Bhode, Vill-Bhode, PS+Anchal-Khaira, Distt-Jamui, Bihar द्वारा काली सूची के आदेश के विरूद्ध दिनांक 27.07.2023 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में :–

16/11/2023

## आदेश

संवेदक Darshani Construction Private Limited prop-Awinash Kumar Singh, S/O Bhrat Singh (निबंधन संख्या–2180176) At+Post-Bhode, Vill-Bhode, PS+Anchal-Khaira, Distt-Jamui, Bihar एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खड़गपुर–तारापुर उपस्थित।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि कार्य प्रमंडल, खड़गपुर–तारापुर के अधीन योजना शीर्ष नाबार्ड के तहत बरियारपुर खड़गपुर मुख्य पथ से लोहची पहाड़पुर पथ के एकरारनामा संख्या– 11SBD/2022-23 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 16.03.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–15.12.2022 है।

उक्त पथ की जॉच/निरीक्षण श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, गुणवत्ता प्रबंधन–01, मुख्य अभियंता–04 का कार्यालय/ सुधीर कुमार, अधीक्षण अभियंता, अनुश्रवण एवं डाटा सेंटर, मुख्य अभियंता–04 का कार्यालय एवं अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, मुख्य अभियंता–02, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना द्वारा दिनांक 07.01.2023 को विभागीय आदेश के आलोक में किया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि रात्रि में BT कार्य होने/Mix का Tempreture कम होने/वातावरण का तामान बहुत कम होने/Rolling कम होने के कारण BT कार्य की गुणवत्ता अत्यन्त खराब पाई गई। जगह–जगह BT कार्य उखड़ा हुआ पाया गया तथा Edge पर बिखरा हुआ पाया गया। BT कार्य के नीचे की सतह की सफाई में कमी तथा Prime Coat/Tack Coat किया हुआ नहीं पाया गया।

BT कार्य दिनांक 04.01.2023 की रात्रि 12.30 बजे एवं दिनांक 05.01.2023 को रात्रि 9.00 बजे से किया गया। दिनांक 05.01.2023 को ग्रामीणों की सूचना पर क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा स्थल पर जाकर संवेदक को कार्य करने से मना किया गया, परन्तु मना करने के बावजूद संवेदक द्वारा जबरन दिनांक 05.01.2023 को रात्रि में पुनः कार्य किया गया। संवेदक द्वारा बिना क्षेत्रीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाये हुए ही दिनांक 04.01.2023 को भी कार्य किया गया था।

उक्त मामले में स्थल निरीक्षण एवं ग्रामीणों के वक्तव्य से स्पष्ट परिलक्षित हुआ है कि संवेदक द्वारा बिना क्षेत्रीय अभियंताओं की सहमति या पूर्व सूचना के ही कार्य किया गया तथा अभियंताओं द्वारा मना करने के बावजूद अगले दिन भी जबरन कार्य किया गया। BT कार्य की अत्यन्त ही खराब गुणवत्ता के लिए संवेदक पूर्णतः दोषी है।

संदर्भित जॉच प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य अभियंता–02, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 91 अनु0 दिनांक 09.01.2023 द्वारा इन्हें काली सूची में सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्ताव एवं अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है।

तद्‌लोक में विभागीय समीक्षोपरान्त क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त प्रस्ताव/अनुशंसा के आधार पर इन्हें **विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 452 दिनांक 19.01.2023** द्वारा 05 (पॉच) वर्षो के लिए काली सूची में सम्मिलित किया गया है।

उक्त सुनवाई में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर बताया गया कि संबंधित योजना का कार्य इनके फर्म द्वारा पुनः विशिष्टियों के अनुरूप करा दिया गया है। साक्ष्य स्वरूप इनके द्वारा प्रश्नगत पथ का फोटोग्राफ संलग्न कर उपलब्ध कराया गया है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खड़गपुर–तारापुर के द्वारा उपस्थित होकर संदर्भित मामले में बताया गया कि पथ में पायी गयी त्रुटियों का निराकरण पुनः संवेदक Darshani Construction Private Limited द्वारा कर दिया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर विभागीय **विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 452 दिनांक 19.01.2023 द्वारा इन्हें 05 (पॉच) वर्षो के लिए** काली सूची में सम्मिलित किये जाने संबंधित आदेश को निरस्त **(Set aside)** किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव

<u>अभियंता प्रमुख का कार्यालय,</u>
<u>ग्रामीण कार्य विभाग,</u>
<u>बिहार, पटना।</u>

निबंधित

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–03–114/2023 6619 /पटना, दिनांक 21.11.23

प्रतिलिपिः– संवेदक Darshani Construction Private Limited prop-Awinash Kumar Singh, S/O Bhrat Singh (निबंधन संख्या–2180176) At+Post-Bhode, Vill-Bhode, PS+Anchal-Khaira, Distt-Jamui, Bihar, को सूचनार्थ प्रेषित।

21/11/23

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–114/2023 6619 /पटना, दिनांक– 21-11-23

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/11/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–03–114 / 2023 6669 / पटना, दिनांक– 21.11.23

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21/11/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–03–114 / 2023 6669 / पटना, दिनांक– 21.11.23

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/11/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव